राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि0,जयपुर
5 वीं व 6ठीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone : 0141-2741805, E-mail : rschfjaipur@yahoo.com

क्रमांक- 6011-6912/22 दिनांक- 30/06/22

अध्यक्ष/प्रशासक
............................गृह निर्माण/
ग्राम सेवा सहकारी समिति लि.,/पंचायत समिति
ग्राम पोस्ट.......................तह.........................
जिला..............................(राज.)

वार्षिक साधारण सभा की सूचना

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर के समस्त सदस्यों को सूचित किया जाता है कि आवासन संघ की वर्ष 2021-22 की दिनांक 30.06.2022 को आयोजित होने वाली वार्षिक साधारण सभा को इंटरनेट सेवाऐं बंद होने के कारण स्थगित किया गया था, जिसकी सूचना सभी माननीय सदस्यों को प्रेषित कर दी गई थी। अब आवासन संघ की वर्ष 2021-22 की वार्षिक साधारण सभा का आयोजन दिनांक 15.07.2022 को 11:00 बजे जूम ऐप (Zoom App) पर वरचुअल रूप से आयोजित किया जावेगा, जिसका लिंक पृथक से जिला यूनिट अधिकारियों (उप रजिस्ट्रार) से प्राप्त आपके मोबाईल नम्बर पर भिजवा दिया जावेगा। कृपया जूम ऐप (Zoom App) आपके मोबाईल नम्बर पर डाउनलोड करने का श्रम करें तथा निर्धारित दिनांक एवं समय पर सभा में उपस्थित होने का कष्ट करें।

उक्त बैठक में निम्नलिखित विषयों पर विचार किया जावेगा :-

1. गत आमसभा दिनांक 28.09.2021 की कार्यवाही की पुष्टि ।
2. वर्ष 2021-22 के वार्षिक प्रतिवेदन एवं वार्षिक लेखों की पुष्टि ।
3. वर्ष 2021-22 के वार्षिक अकेंक्षण की आक्षेप पूर्ति का अवलोकन एवं अनुमोदन।
4. वर्ष 2022-23 की कार्ययोजना का अनुमोदन ।
5. वर्ष 2022-23 के बजट का अवलोकन एवं अनुमोदन।
6. गत वर्षो 2021-22 के खर्चो की पुष्टि ।
7. अन्य विषय- अध्यक्ष/ प्रशासक महो. की अनुमति से।

कोरम के अभाव में स्थगित सभा नियमानुसार आयोजित की जावेगी, जो उसी दिन दोपहर 12:00 बजे जूम ऐप (Zoom App) पर होगी। स्थगित सभा में विचारणीय विषय पूर्वानुसार ही रहेंगे।

माननीय सदस्य किसी बिन्दु विशेष की जानकारी/चर्चा चाहते है तो संघ कार्यालय में उसकी सूचना आम सभा तिथि से 72 घण्टे पहले देने का कष्ट करें।

आमसभा से संबंधित विषय पूर्वानुसार यथावत् है तथा समस्त विवरण पूर्व में ही आपको भिजवाया जा चुका है। अतः वह यथावत् ही रहेगा। उक्त समस्त विवरण संघ की वेबसाईट www.rschf.com पर भी उपलब्ध है।

कृपया जूम ऐप (Zoom App) पर वरचुअल मीटिंग में आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है। जूम ऐप (Zoom App) का लिंक आपके मोबाईल पर पृथक से यथासमय भिजवा दिया जावेगा।

नोट- कृपया आपके इंटरनेट वाले मोबाईल नम्बर की सूचना आपके स्तर से भी संघ के सहायक प्रबंधक श्री एम.पी.गुप्ता के मोबाईल नम्बर 9928368821 पर अविलम्ब भिजवाने का श्रम करें।

(आर.के.शर्मा)
प्रबंध निदेशक